# CONSAM-GENERAL NOTICE

नोटिस संख्या० .:CONSAM-GNR-NOTICE/25/194/01..

दिनांक० 11 /10 /2025.

---

________ कमिटी/________/माननीय श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय के निर्णयानुसार/आदेशानुसार ~~उनके ज्ञापांक संख्या ____-OUTLET-___/___/___/___ के आलोक में~~ आपको सूचित किया जाता है की:

**CONSAM Calendar 2025-26 में दीपावली अवकाश की तिथि संशोधन संबंधी सूचना**

उपरोक्त विषयक सूचित करना है की:

1. **CONSAM Calendar** के अनुसार वर्ष 2025-26 में दीपावली का अवकाश दिनांक **22 अक्टूबर 2025 (बुधवार)** को निर्धारित था।
2. **बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित गज़ट (पृष्ठ संख्या 02)** के अनुसार वर्ष 2025 में दीपावली का त्योहार **20 अक्टूबर 2025 (सोमवार)** को मनाने का निर्णय लिया गया है।
3. उपरोक्त के आलोक में, **माननीय श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी सह प्रबंध निदेशक महोदय** के निर्देशनानुसार **CONSAM Calendar 2025-26** में दीपावली अवकाश की तिथि में संशोधन करते हुए इसे **20 अक्टूबर 2025 (सोमवार)** घोषित किया जाता है।

अतः उक्त सूचना सभी के संज्ञान हेतु प्रसारित की जाती है।

---

प्रेषक:

के० के० तिवारी

11/10/2025

(हस्ताक्षर)

REVIEWED this CEO

11-OCT-2025

निबंधन संख्या पी0टी0-40

# बिहार गजट

## असाधारण अंक

## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

**15 आश्विन 1947 (श0)**

**(सं0 पटना 1609) पटना, मंगलवार, 7 अक्तूबर 2025**

सामान्य प्रशासन विभाग

---

अधिसूचना

7 अक्तूबर 2025

**सं० 3/एच०–01/2024–19025/सा०प्र०**–राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, काजीपुरम, पटना से प्राप्त पत्र संख्या–117/24 दिनांक 26.07.2024 द्वारा प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना ज्ञापांक–15764 दिनांक–01.10.2024 द्वारा वर्ष 2025 के लिए अधिसूचित अवकाशों की सूची में दिपावली के अवसर पर दिनांक–22.10.2025 (बुधवार) को एन॰ आई॰ एक्ट के तहत अवकाश घोषित है।

प्राप्त सूचना के आधार पर वर्ष 2025 में दिपावली का त्योहार दिनांक 22.10.2025 (बुधवार) के स्थान पर दिनांक–20.10.2025 (सोमवार) को मनाया जाना है।

अतः सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या–03/एच0–01/2024सा०प्र०–15764 दिनांक 01.10.2024 द्वारा दिपावली के अवसर पर दिनांक 22.10.2025 (बुधवार) को एन॰ आई॰ एक्ट के तहत घोषित अवकाश के स्थान पर दिनांक–20.10.2025 (सोमवार) को एन॰ आई॰ एक्ट के तहत अवकाश घोषित किया जाता है।

अधिसूचना संख्या–03/एच0–01/2024सा०प्र०–15764 दिनांक–01.10.2024 की अनुसूची–3 के क्रमांक–15 को तदनुसार संशोधित समझा जायेगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
गुफरान अहमद,
सरकार के अपर सचिव।

---

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण)1609-571+10-डी0टी0पी0।
Website: https://egazette.bihar.gov.in

11-OCT-2025.

REVIEWED this CEO

Document Ref.: CONSAM-GNR-NOTICE/25/194/01.